aglasem.com

झारखंड बोर्ड

मॉडल पेपर

Class 12

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखण्ड)

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र – वस्तुनिष्ठ | 2022 – 2023 | सेट – 1

कक्षा – 12 | पूर्णांक – 40

विषय – हिन्दी (कोर) | समय – 1 घंटे 30 मिनट

समान्य निर्देशः–

- सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।

खण्ड 'क' (अपठित बोध)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नसंख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव ।
वचन में सत्य, हृदय में तेज, प्रतिज्ञा में रहती थी टेव ।
वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान ।
वही है शांति, वही हैं शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान ।
जिएँ तो सदा इसी के लिए, यही अभिमान रहे, यह हर्ष
निछावर कर दें हम सर्वस्व, हमारा प्यारा भारतवर्ष।

1. कवि यहाँ किसका उल्लेख कर रहे हैं ?

(क) अतिथि का (ख) शक्ति का (ग) दान का (घ) भारतीय संस्कृति का

2. देव किसे माना गया है ?

(क) अतिथियों को (ख) देवताओं को
(ग) याचकों को (घ) आर्यों को

3. किसके हृदय में तेज होता है ?

(क) जो साहसी हो (ख) जो सत्यवादी हो
(ग) जिसकी प्रतिज्ञा अटल हो (घ) उपरोक्त सभी

4. इस काव्यांश का मूल भाव है

(क) भारत के अतीत का गौरवगान (ख) साहस का प्रदर्शन
(ग) अभिमान का प्रदर्शन (घ) आर्य संतान का प्रदर्शन

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नसंख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

मनुष्य अपने नैतिक गुणों से ही, जीवधारियों में श्रेष्ठतम माना जाता है। हर व्यक्ति जीवनपर्यन्त सुख की खोज में रहता है। तन के सुख मनुष्य और पशु–पक्षी सभी को समान रूप से चाहिए, किन्तु मन और आत्मा के सुख केवल मनुष्यों के लिए हैं। मन के जितने भी सुख हैं, उनमें सबसे बड़ा है, परोपकार का सुख। दूसरों के काम आने में जो सुख मिलता है, उसकी किसी भी सुख था आनंद से तुलना नहीं की जा सकती ।

05. मनुष्य अपने किन गुणों से जीवधारियों में श्रेष्ठतम माना जाता है ?

(क) शारीरिक स्वास्थ्य (ख) मानसिक उच्चता
(ग) भौतिक संसाधन (घ) नैतिक गुण

06. हर व्यक्ति जीवनपर्यन्त किसकी खोज में रहता है ?

(क) धन की खोज (ख) विद्या की खोज
(ग) सौन्दर्य की खोज (घ) सुख की खोज

07. मन और आत्मा का सुख किसे चाहिए ?

(क) पशुओं को (ख) पक्षियों को (ग) मनुष्यों को (घ) वनस्पतियों को

docs.aglasem.com

aglasem.com

08. सबसे बड़ा सुख है

(क) परोपकार का सुख (ख) धन का सुख (ग) पुत्र का सुख (घ) पद का सुख

खण्ड– 'ख'

(अभिव्यक्ति और माध्यम)

09. सरकारी पत्रों में सम्बोधन के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया जाता है: ?

(क) महोदय/ महोदया (ख) प्रिय, श्री (ग) भवदीय (घ) आपका शुभचिंतक

10. भारत में हिन्दी का प्रथम समाचार–पत्र कौन–सा माना जाता है ?

(क) दिग्दर्शन (ख) उदन्त मार्तण्ड (ग) बनारस अखबार (घ) मालवा समाचार

11. संचार क्रान्ति के फलस्वरूप किस प्रारूप का प्रयोग अब बन्द हो गया है!

(क) अधिसूचना (ख) घोषणा (ग) तार (घ) रेडियोग्राम

12. मुद्रित माध्यमों की सबसे बड़ी विशेषता है –

(क) स्थायित्व (ख) गतिशीलता (ग) भव्यता (घ) सांकेतिकता

13. फीचर किस प्रकार की विधा मानी जाती है ?

(क) विषय प्रधान (ख) समस्या प्रधान) (ग) व्यक्ति प्रधान (घ) पात्र प्रधान

14. सम्पादकीय किसके द्वारा लिखा जाता है ?

(क) पत्रकार (ख) सम्पादक (ग) कवि (घ) साहित्यकार

15. रचनात्मक लेखन के लिए क्या अपेक्षित है ?

(क) ज्ञानात्मक संवेदना (ख) संवेदनात्मक ज्ञान

(ग) 'क' एवं 'ख' दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

16. रिपोर्ट का अर्थ है –

(क) घटना की ठीक–ठीक सूचना (ख) घटना के पूर्व का निर्देश

(ग) घटना के पश्चात की कार्यवाही (घ) घटना के कारण का विश्लेषण

17. किसी बड़ी खबर का कम से कम शब्दों में दर्शकों तक तत्काल पहुँचाना क्या कहलाता है ?

(क) ड्राई एंकर (ख) फोन–इन (ग) ब्रेकिंग न्यूज (घ) लाइव

18. जनसंचार का मुख्य कार्य है.

(क) सूचना संग्रह एवं प्रचार करना (ख) सूचना का विश्लेषण करना

(ग) ज्ञान के स्तर में वृद्धि करना (घ) ये सभी

खण्ड – 'ग'

(पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नसंख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो
और
जादू टूटता है. इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

19. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है ?

(क) सहर्ष स्वीकारा है। (ख) पतंग (ग) उषा (घ) बादल राग

20. नीले जल में गौर देह के झिलमिलाने द्वारा कौन–सा दृश्य चित्रित किया गया है ?

(क) सूरज की चमक के झिलमिलाने का दृश्य (ख) तारों की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

(ग) बिजली की चमक के झिलमिलाने का दृश्य (घ) चाँद की चमक के झिलमिलाने का दृश्य

21. 'नील जल' के उपमान द्वारा कवि किसका चित्रण करना चाहता है ?

(क) नीले नदी का (ख) नीले आकाश का

(ग) नीले वस्त्र का (घ) सतरंगी इन्द्रधनुष का

docs.aglasem.com

aglasem.com

22. उषा के जादू का क्या तात्पर्य है ?

(क) स्त्री का अपार सौन्दर्य (ख) जादू की कला का सौन्दर्य

(ग) सूरज की किरणों का सौन्दर्य (घ) प्रातःकालीन वातावरण का सौन्दर्य

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

23. कवि द्वारा भाषा को तोड़ने और मरोड़ने का क्या दुष्परिणाम हुआ ?

(क) कथ्य जटिल हो गया (ख) कथ्य सरल हो गया

(ग) 'क' और 'ख' दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

24. बादल निर्भय विप्लव क्यों मचा रहे हैं ?

(क) लोगों का सुख देखकर (ख) लोगों का आलस्य देखकर

(ग) लोगों का निर्मम शोषण देखकर (घ) लोगों का आनंद देखकर

25. पेट-पूर्ति के लिए किस-किस वर्ग के लोग मारे मारे फिर रहे हैं ?

(क) मेहनतकश मजदूर (ख) व्यापारी (ग) भिखारी (घ) ये सभी

26. बालक के द्वारा चाँद माँगने की जिद पर माँ उसे क्या देकर बहलाती है ?

(क) मिठाई (ख) खिलौना (ग) दर्पण (घ) चाँद

27. 'छोटा मेरा खेत' शीर्षक कविता में कवि को कौन-सी फसल प्राप्त होती है ?

(क) गन्ना (ख) धान (ग) गेहूँ (घ) कविता

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नसंख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।

इन बातों को आज पचास बरस होने को आए पर ज्यों की त्यों मन पर दर्ज है। कभी-कभी कैसे-कैसे सन्दर्भों में ये बातें मन को कचोट जाती हैं, हम आज देश के लिए करते क्या हैं ? माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं। पर त्याग का कहीं नामो निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्ट्राचार की बातें करते हैं, पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्ट्राचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं। पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है। बैल पियासे के पिया से रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

28. प्रस्तुत पाठ के लेखक का क्या नाम है ?

(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (ख) विष्णु खरे

(ग) महादेवी वर्मा (घ) धर्मवीर भारती

29. कौन-सी बात लेखक के मन पर ज्यों की त्यों दर्ज है ?

(क) तीज-त्योहार की बात (ख) त्यागपूर्वक दान की बात

(ग) भ्रष्टाचार की बात (घ) कर्तव्य की बात

30. भ्रष्ट्राचार के बारे में मनुष्यों का आचरण कैसा है ?

(क) भ्रष्ट्राचार के बारे में चटखारे लेकर बातें करना (ख) भ्रष्ट्राचार को कोसना

(ग) भ्रष्ट्राचार के दलदल में स्वयं भी फँसना (घ) ये सभी

31. लेखक को देश के सन्दर्भ में कौन-सी बात कचोटती है ?

(क) लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। (ग) लोग अपना कर्तव्य करते हैं।

(ग) लोग व्यागपूर्वक दान करते हैं। (घ) लोग कठिन परिश्रम करते हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।

32. लोगों ने लड़कों की टोली को क्या नाम दिया ?

(क) इंदर सेना (ख) वानर सेना (ग) मेढक मंडली (घ) मित्र मंडली

33. 'पहलवान की ढोलक' शीर्षक कहानी में शेर का बच्चा किसे कहा गया है ?

(क) चाँद सिंह (ख) बादल सिंह (ग) लुट्टन सिंह (घ) काला खाँ

34. सफिया पाकिस्तान से भारत क्या लेकर जाना चाहती थी ?

(क) नमक (ख) सोना (ग) चीनी (घ) घड़ी

35. जातिप्रथा में लेखक ने क्या दोष देखा ?

(क) जन्म से ही पेशा का तय हो जाना ।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ख) मनुष्य को एक ही पेशे में बाँध देना

(ग) अनुपयुक्त या अपर्याप्त पेशा होने से भूखों मरना

(घ) उपरोक्त सभी

36. लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है?

(क) सुख-दुख में समान रहता है

(ख) लू के भीषण समय में भी परास्त नहीं होता

(ग) सदा सरस बना रहता है

(घ) उपरोक्त सभी

37. 'सिल्वर वेडिंग' के यशोधर पंत की विवाह की कौन-सी वर्षगाँठ मनाई जा रही है?

(क) दसवीं वर्षगाँठ (ख) पन्द्रहवीं वर्षगाँठ (ग) पच्चीसवीं वर्षगाँठ (घ) पचासवीं वर्षगाँठ

38. 'जूझ' कहानी में किसका चित्रण है?

(क) संघर्षशील किशोर (ख) संघर्षशील पिता

(ग) संघर्षशील नेता (घ) संघर्षशील जमींदार

39. सिंधु घाटी की सभ्यता को जल-संस्कृति क्यों कहा जाता है?

(क) वर्षा के कारण (ख) बाढ़ के कारण

(ग) पानी निकासी की सुंदर व्यवस्था के कारण (घ) इनमें से कोई नहीं

40. 'ऐन फ्रैंक' ने अपनी डायरी में किसे संबोधित किया है?

(क) गुड़िया को (ख) माँ को (ग) बहन को (घ) मि० वानदान को

docs.aglasem.com

aglasem.com

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखण्ड)

प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र – विषयनिष्ठ 2022 – 2023 सेट – 1

कक्षा – 12 पूर्णांक – 40

विषय – हिन्दी (कोर) समय – 1 घंटे 30 मिनट

समान्य निर्देशः–

- इस प्रश्न–पत्र के चार खण्ड है।
- सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्नों की कुल संख्या 08 है।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।
- प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।

खण्ड 'क' (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+2+2=6

चरित्र जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। किसी आंशिक गुण के विकास का नाम चरित्र नहीं है, सम्पूर्ण जीवन ही चरित्र है। चरित्र जीवन रूपी मार्ग की बाधाओं को दूर कर मनुष्य को सफलता के शिखर पर पहुँचा देता है। चरित्रवान व्यक्ति ही समाज में आदर पाता है। यह सही है कि आज कयुग में ऐसे व्यक्ति आदर पाते देखे गए हैं, जो धनवान होते हैं,किंतु यह आदर नहीं होता। इसी तरह यद्यपि विद्वानों का आदर किया जाता है, किन्तु चरित्रहीन विद्वान और धनी समाज में आदर नहीं पा सकते । चरित्र स्थायी संपत्ति है। यह धन–दौलत के समान चलायमान नहीं है। चरित्रवान का प्रभाव सीधे मन पर पड़ता है, जो स्थायी होता है। धन और विद्या के बिना मनुष्य उन्नति कर सकता है, किन्तु चरित्र के बिना नहीं ।

(क) चरित्र क्या है ?

(ख) चरित्र जीवन की स्थायी संपत्ति कैसे है ?

(ग) चरित्रवान व्यक्ति क्या पाता है ?

खण्ड 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5+5=10

(क) 'युवा पीढ़ी और देश का भविष्य'

अथवा

जो है उससे बेहतर चाहिए पर एक निबंध लिखिए।

(ख) अपने क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से फैले डेंगू महामारी का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र को पत्र लिखिए ।

(ग) समाचार लेखन से आप क्या समझते हैं ? इसकी कौन–कौन–सी विशेषताएँ हैं ?

(घ) दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर अवकाश हेतु प्रधानाचार्य जी को आवेदन पत्र लिखें।

खण्ड 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

3. निम्नलिखित में से किसी एक का काव्यसौन्दर्य लिखिए। –05

(क) जब प्रताप उर राखि प्रभु जैहऊँ नाथ तुरंत
अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत
भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार
मन महुँ जात सराहत पुनि–पुनि पवन कुमार

docs.aglasem.com

aglasem.com

(ख) कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने
कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर। इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने ?

04. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3+3=06

(क) 'अस्थिर सुख पर दुख की छाया' पंक्ति में दुख की छाया किसे कहा गया है और क्यों ?

(ख) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है ?

(ग) शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहता है ?

05. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3+3=06

(क) 'बाजारूपन' से क्या तात्पर्य है ? किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते हैं ?

(ख) जातिप्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भूखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही है ?

(ग) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था ?

06. महादेवी वर्मा' अथवा 'महाकवि तुलसीदास' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए– 02

खण्ड 'घ'

07 यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं, ऐसा क्यों ? 03

अथवा

पुरातत्व के किन चिह्नों, के आधार पर आप यह कह सकते है कि सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी।"

08. ऐन फ्रैंक कौन थी ? उसकी डायरी क्यों प्रसिद्ध है। 02

अथवा

स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची ,झारखंड

मॉडल प्रश्न पत्र (2022- 2023)

(वस्तुनिष्ठ)

कक्षा-XII | समय-1 घंटा 30 मिनट

विषय- हिंदी (ऐच्छिक) | पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश-

- कुल 40 प्रश्न है!
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है!
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है!
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए!
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे!

खंड – क ; (अपठित बोध)

निम्नलिखित गधांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संख्या 1 से 4 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–

वर्तमान शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत हम जो विद्या प्राप्त कर रहे हैं, उसकी विशेषताओं को सर्वथा नकारा भी नहीं जा सकता। यह शिक्षा कुछ सीमा तक हमारे दृष्टिकोण को विकसित भी करती है, हमारी मनीषा को प्रबुद्ध बनाती है तथा भावनाओं को चेतन करती है, किंतु कला शिल्प प्रौद्योगिकी आदि की शिक्षा नाममात्र की होनी के फलस्वरूप इस देश के स्नातकों के लिए जीविकोपार्जन टेढ़ी खीर बन जाता है और वृहस्पति बना युवक नौकरी की तलाश में अर्जियाँ लिखने में ही अपने जीवन का बहुमूल्य समय बर्बाद कर लेता है। जीवन के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए यदि शिक्षा के क्रमिक सोपनों पर विचार किया जाय, तो भारतीय विद्यार्थी को सर्वप्रथम इस प्रकार शिक्षा दी जानी चाहिए, जो आवश्यक हो, दूसरी जो उपयोगी हो और तीसरी जो हमारी जीवन को परिष्कृत एवं अलकृत करती है।

1. वर्तमान समय में दी जानी वाली जाने वाली शिक्षा की विशेषता निम्न में से कौन सी है ?
    1. दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक
    2. बुद्धि को तेज़ करनेवाली
    3. व्यक्ति की भावनाओं को सचेत करनेवाली
    4. इनमें से सभी
2. आज पढ़ा लिखा युवक अपने जीवन का बहुमूल्य समय कहाँ नष्ट कर देता है ?
    1. उच्च शिक्षा पाने में
    2. तकनीक शिक्षा पाने में
    3. जीवन मूल्यों को मजबूत करने में
    4. नौकरी खोजने में
3. भारतीय विद्यार्थी को दी जाने वाली शिक्षा का प्रथम सोपान है ?
    1. शिक्षा जो उपयोगी हो
    2. शिक्षा जो आवश्यक हो

docs.aglasem.com

aglasem.com

3. शिक्षा जो परिष्कृत करती हो
4. शिक्षा जो जीवन को अलंकृत करती हो

4. रेढ़ी खीर वन जाना मुहावरे का अर्थ है–
   1. काम कठिन हो जाना
   2. खीर गीला हो जाना
   3. खीर न बन पाना
   4. काम सरल हो जाना

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 से 8 के लिए सही विकल्प का चयन करें।

युग–युग तक चलती रहे कठोर कहानी
रघुकुल में थी एक अभागिन रानी
निज जन्म–जन्म में सुने जीव यह मेरा–
धिक्कार ! उसे था महास्वार्थ ने घेरा।
सौ बार धन्य वह एक लाल की माई'
जिस जननी ने है जना भरत सा भाई''
पागल–सी प्रभु के साथ सभा चिल्लाई–
''सौ बार धन्य वह एक लाल की माई।''

5. रघुकुल की अभागिन रानी कौन है ?
   1. कौशल्या
   2. सीता
   3. कैकयी
   4. उर्मिला
6. धिक्कार! उसे था महास्वार्थ ने घेरा' पंक्ति में किसे महास्वार्थ ने घेरा था ?
   1. राम
   2. भरत
   3. सुमित्रा
   4. कैकयी
7. 'प्रभु' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?
   1. राम
   2. लक्ष्मण
   3. भरत
   4. दशरथ
8. भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण है ?
   1. रघुकुल
   2. कहानी
   3. कठोर
   4. सभा

docs.aglasem.com
aglasem.com

खंड–'ख' (रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)

9. भारत मे पहला छापाखाना कब खुला ?

1. 1555 ई0
2. 1556 ई0
3. 1557 ई0
4. 1558 ई0

10. जनसंचार के आधुनिक माध्यमों मे सबसे पुराना माध्यम कौन सा है ?

1. प्रिंट माध्यम
2. श्रव्य माघ्यम
3. दृश्य श्रव्य माघ्यम
4. इंटरनेट

11. मुद्रण की शुरूआत किस देश से हुई ?

1. भारत
2. जपान
3. इंग्लैण्ड
4. चीन

12. तुरंत घटी घटनाओं की जानकारी जनसंचार के किस माध्यम द्वारा दिया जाना संभव नहीं हो पाता है ?

1. समाचार
2. रेडियो
3. टेलीविजन
4. इंटरनेट

13. समाचार शैली क्या कहलाती है ?

1. उल्टा सीधा शैली
2. मनोरंजक शैली
3. उल्टा पिरामिड शैली
4. लाइव शैली

14. समाचार पढने वाले को क्या कहते हैं ?

1. वाचक
2. श्रोता
3. द्रष्टा
4. प्रतिवेदक

15. फ्रीलांसर पत्रकार का कार्य है ?

1. किसी एक समाचार पत्र के लिए नियमित लिखना
2. भुगतान के आधार पर अलग–अलग समाचार पत्रों के लिए लिखना
3. किसी समाचार पत्र के लिए निश्चित मानदेय पर काम करना

docs.aglasem.com

aglasem.com

4. उपरोक्त में से कोई नहीं

16. कविता की पहली सर्त क्या है?

1. शब्दों से मेल जोल
2. ज्ञान–विज्ञान
3. ध्वनियों से खेल
4. स्मृति चित्र

17. साहित्य की कौन–सी विद्या पढ़ने सुनने के साथ साथ देखने के तत्व को भी अपने अंदर समेटे हुए है?

1. कविता
2. नाटक
3. कहानी
4. डायरी

18. कहानी का केन्द्रीय बिंदु क्या कहलाता है?

1. उद्देश्य
2. कथानक
3. संवाद
4. चरम उत्कर्ष

खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19–22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिएः

मुझ भाग्यहीन की तू संबल
युग वर्ष बाद जब हुई विकल्प
दुख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही।

19. प्रस्तुत काव्यांश के कवि है?

1. जयशंकर प्रसाद
2. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
3. रघुवीर सहाय
4. केदारनाथ सिंह

20. कवि ने किसे अपना संबल कहा है?

1. स्वयं का
2. परिवार को
3. सरोज को
4. समाज

21. कवि का जीवन कैसा रहा है?

1. आनंपूर्ण
2. दुखपूर्ण

docs.aglasem.com

aglasem.com

3. सफलतापूर्ण
4. भाग्यपूर्ण

22. विकल शब्द का अर्थ है
5. व्याकुल
6. विशेष
7. शांत
8. युग

23. जीवन के अंतिम मोड़ पर देवसेना द्वारा ठुकराने के पश्चात स्कंदगुप्त कौन सा व्रत लेता है?
1. विजया से विवाह करने का
2. आजीवन अविवाहित रहने का
3. गृह-त्याग करने का
4. इनमें कोई नहीं

24. सत्य कविता में कवि ने जीवन में सत्य की महत्ता को दर्शाने के लिए किसे माध्यम बनाया है?
1. रामायण के पात्रों को
2. पंचतंत्र की कथाओं को
3. महाभारत के पौराणिक संदर्भों को
4. बेताल पच्चीसी के पात्रों को

25. तुलसीदास की प्रसिद्ध रचना इनमें कौन-सी है?
1. पद्मावत
2. साहित्य लहरी
3. कीर्तिलता
4. रामचरित मानस

26. 'पिय सौ कहेहु सँदेसड़ा ऐ भँवरा ऐ काग'-पंक्ति किस कवि की है?
1. जायसी
2. घनांनद
3. विद्यापति
4. देव

27. केशवदास की काव्य भाषा क्या है?
5. संस्कृति
6. हिन्दी
7. ब्रज
8. अवधी

निम्नलिखित गधांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28-31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-

docs.aglasem.com
aglasem.com

अभी भी संबंध के पिंजड़े में भारतीय जीवन विहग बंदी है। मुक्त गगन में उड़ान भरने के लिए वह व्याकुल है। लेकिन आज भारतीय जनजीवन संगठित प्रहार करके एक के बाद एक पिंजड़े की तीलियाँ तोड़ रहा है। धिक्कार है उन्हें जो तीलियाँ तोड़ने के बदले उन्हें मजबूत कर रहे है

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है ?
    1. प्रेमघन की छाया स्मृति
    2. सुमिरिनी के मनके
    3. यथास्मै रोचते विश्वम
    4. कुटज
29. प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार है–
    1. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
    2. पंडित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
    3. रामविलास शर्मा
    4. हजारी प्रसाद द्विवेदी
30. भारतीय जीवन विहग कहाँ बंदी हैं ?
    1. लोहे के पिंजड़ो में
    2. विदेशी पिंजड़ों में
    3. सपनों के पिंजड़ों में
    4. संबंधों के पिंजड़ों में
31. लेखक किसे धिक्कारता हैं ?
    5. मुक्त गगन में उड़ान भरने वालों को
    6. पराधीनता को बढ़ावा देने वाले को
    7. स्वतंत्रता की माँग करने वाले को
    8. इनमें से सभी
32. रामचन्द्र शुक्ल के पिता का तबादला जब हमीरपुर से मिर्जापुर हुआ तब शुक्लजी की उम्र कितनी थी ?
    1. आठ वर्ष
    2. दस वर्ष
    3. बारह वर्ष
    4. अठारह वर्ष
33. सुमिरिनी के मनके पाठ के अन्तर्गत कितने लधु निबंध हैं ?
    1. दो
    2. तीन
    3. चार
    4. पाँच
34. मैं भाई भाभियों की नौकरी करके पेट पाल लूँगी– यह कथन किसका है ?
    1. मोदिआइन बुढ़िया
    2. बडी बहुरिया
    3. बहुरिया की माँ
    4. छोटी बहुरिया

docs.aglasem.com

aglasem.com

35. दूसरा देवदास कहानी की नायिका कौन है ?

1. निर्मला
2. सिंदूरी
3. पारो
4. बेला

36. कुट्ज के पौधे की क्या विशेषता है ?

1. अपराजेय जीवनशक्ति
2. स्वावलंबन
3. आत्मविश्वास
4. ये सभी

37. सूरादास की झोंपड़ी पाठ के अंत में सूरदास क्या निश्चय करता है ?

1. मुहल्ला छोडने का
2. कोई दूसरा काम आरंभ करने का
3. पुनः झोपड़ी बनाने का
4. इनमें से कोई नहीं

38. स्तब्ध रह गए रूप और शेखर। सिर्फ झरने के गिरने के शोर को छोड़ कर कोई आवाज नहीं थी कहीं। – पंक्ति के लेखक है–

1. प्रेमचंद
2. भीष्म साहनी
3. संजीव
4. विश्वनाथ त्रिपाटी

39. विकास की औद्योगिक सभ्यता को लेखक प्रभाष जोशी ने किसकी संज्ञा दी है ?

1. उजाड़ की सभ्यता
2. प्रगति की सभ्यता
3. विनाश की सभ्यता
4. इनमें से कोई नहीं

40. विस्कोहर की माटी का कथानायक का नाम है–

1. सोमनाथ
2. बद्रीनाथ
3. काशीनाथ
4. विसनाथ

.....

docs.aglasem.com

aglasem.com

झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, राँची
मॉडल प्रश्न–पत्र – 2022–2023

(विषयनिष्ठ)

कक्षा : XII **समयः– 1.30 घंटा**

विषय : ऐच्छिक (हिन्दी) **पूर्णांक–40**

सामान्य निर्देश

- परीक्षार्थी यथा संभव अपनी ही भाषा में उत्तर दें ।
- सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर उसके सामने दिये निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।

खंड–क (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 2+2+2=6

वैज्ञानिक उन्नति के कारण मानव सभ्यता की दीवार इतनी ऊँची हो गयी है कि अब वह अपने बोझ से ही लड़खडाने लगी है। भौतिक उन्नति ने मनुष्य के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यद्यपि विज्ञान की सहायता से मनुष्य वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। सुख–समृद्धि के सभी उपाय उसके अधीन हो गए हैं, पर वह स्वयं भी स्वतंत्र नहीं रहा। सवारी को ही लीजिए। आपके पास कार है, जहाँ चाहें पहुँच जाएँगे। परंतु यदि कार खराब हो गयी, अब बुलाइए मैकेनिक को। हैं न आप उसके अधीन ! बिजली से कमरा ठंडा कर लिया है, कमरा में शिमला का आनंद ले रहे हैं परंतु बिजली फेल हो गयी तो आपका जीवन कितना कष्टमय होगा।

(क) भौतिक उन्नति ने मनुष्य के अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न क्यों लगा दिया है ?

(ख) मनुष्य स्वतंत्र क्यों नहीं रहा ?

(ग) 'वैभवपूर्ण जीवन' का क्या अभिप्राय है ?

खंड–ख (रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **5+5=10**

(क) 'साहित्य समाज का मार्गदर्शक' विषय पर निबंध लिखिए।

(ख) विद्यालय में योग–शिक्षा का महत्त्व बताते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

(ग) जनसंचार के प्रमुख कार्य क्या–क्या है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

खण्ड'ग' (पाठ्य पुस्तक)

3. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :– **5**

docs.aglasem.com
aglasem.com

(क) श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,
गहन–विपिन की तरू छाया में,
पथिक उनींदी श्रुति में किसने,
यह विहाग की तान उठाई।

(ख) तुम्ह बिनु कंता धनि हरूई तन तिनुवर भाडोल।
तेहि पर बिरह जराई है चैट उड़ावा झोल।।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 3+3=6

(क) राम के प्रति अपने श्रद्धाभाव को भरत किस प्रकार प्रकट करते हैं ?
स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'रहि चकि चित्रलिखी–सी' पंक्ति का मर्म अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3+3=6

(क) ''बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह लड्डू की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, मरे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं'' कथन के आधार पर बालक की स्वाभाविक प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ख) संवदिया की क्या विशेषताएँ हैं और गाँव वालों के मन में संवदिया की क्या अवधारणा है?

(ग) 'कुटज' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि दुख और सुख तो मन के विकल्प है।

6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 2

(क) अज्ञेय द्वारा रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम बताइए।

(ख) ममता कालिया के किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें।

7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 3

(क) यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी।
संदर्भ सहित विवेचन कीजिए।

(ख) 'बच्चे का माँ का दूध पीना सिर्फ दूध पीना नहीं माँ से बच्चे के सारे संबंधों का जीवन–चरित होता है' – टिप्पणी कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :– 2

docs.aglasem.com
aglasem.com

(क) शैला और भूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ा पर अपनी मेहनत से नयी ज़िंदगी की कहानी लिखी ?

(ख) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था। उसके क्या कारण हैं ?

.....

docs.aglasem.com

aglasem.com